**खबर संक्षेप**

### बस दुर्घटना को लेकर कांग्रेस आज सौंपेंगी प्रशासन को ज्ञापन

**सौंसर।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी सौसर की ओर से सोमवार 30 मार्च को बैठक का आयोजन एवं विभिन्न समस्याओं को लेकर सौसर प्रशासन के नाम ज्ञापन सोपा जाएगा,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ राजेंद्र यमदे ने बताया की सोमवार को बैठक का आयोजन किया जा रहा है ब्लॉक किसान कांग्रेस अध्यक्ष दिलीप गुर्वे जी एवं ग्राम सिमरिया कि बस दुर्घटना में दिवंगत हुए मृतकों के आकस्मिक निधन पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। जिसके उपरांत बढ़ती मंहगाई,बिजली बिलों में हुई वृद्धि,सिलेंडर की कमी और पेट्रोल डीजल के भारी संकट के निराकरण हेतु महामहिम राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सौसर को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सौसर एवं कांग्रेस के समस्त आनुषांगिक संगठनों द्वारा ज्ञापन सौंपा जाएगा। दोपहर 11:30 बजे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय और प्रशासन को ज्ञापन सोपान तहसील कार्यालय में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उपस्थित रहने की अपील की है।

### सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बाघ को जहर देकर मारने के मामले में नया ट्विस्ट, मुख्य आरोपी कर रहा था अफीम की खेती

# शेर को मारने वाले आरोपी के पास से जब्त किए 6000 अफीम के पौधे, एक करोड़ तक हो सकती है कीमत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

मुख्य आरोपी ने अपने बैल के शिकार का बदला लेने के लिए बाघ को मारा और दफनाया। जांच में एक करोड़ रुपये से अधिक की अवैध अफीम की खेती का भी खुलासा हुआ, जिससे मामला और गंभीर हो गया है।मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के सांगाखेड़ा रेंज के छातीआम गाँव से वन्यजीव अपराध का चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के कॉलर लगे बाघ को जहर देकर मारने और जमीन में दफनाने के आरोप में वन विभाग ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपियों को जुन्नारदेव न्यायालय में

### करोड़ों की अफीम खेती का भी खुलासा

मामले की जांच के दौरान तामिया थाना प्रभारी आशीष जैतवार, देलाखारी चौकी प्रभारी एस आई मयंक ऊईके,प्रधान आरक्षक मधु कुलस्ते,आरक्षक प्रमोद,संतोष सलाम,प्रकाश साहू ,सोमवीर जाट,रोहित बघेल,भीम परते,सैनिक सुनील ने एक और बड़ा खुलासा किया। मुख्य आरोपी के पास अवैध अफीम की खेती पाई गई, जहां से 6000 से अधिक पौधे बरामद हुए हैं। इनकी अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। इस खुलासे ने मामले को और गंभीर बना दिया है।लोकेशन ट्रेस कर पहुंची टीमगौरतलब है कि वन अमले द्वारा सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम के कॉलर टाईगर की अंतिम लोकेशन के आधार पर 27 मार्च शुक्रवार शाम से टाइगर रिजर्व की बफर टीम एवं पश्चिम वनमंडल के सांगाखेड़ा परिक्षेत्र की टीम द्वारा संयुक्त रूप से कॉलर की लोकेशन ट्रेस की जा रही थी। संयुक्त दल की खोजबीन के दौरान 27 मार्च 2026 शुक्रवार की सुबह पश्चिम छिन्दवाड़ा वनमंडल्अं तर्गत सांगाखेड़ा परिक्षेत्र के छातीआम बीट कक्ष कमांक पी 266 एवं पी 262 से लगे राजस्व



### जंगल में मिला दफनाया गया बाघ का शव

बाघ के शिकार की आशंका प्रतीत हुई डॉग स्कवॉयड की मदद से घटना स्थल पर सघन छानबीन कराए जाने पर सुबह तकरीबन 8.30 बजे कुछ ही दूरी पर जमीन में दफनाए गये बाघ के शव को बरामद किया गया। तत्पश्चात प्रारंभिक जांच के दौरान मृत मवेशी (बैल) के मालिक की पतासाजी आस-पास के गांवों में की गई। मृत बैल के मालिक उदेसिंग पिता सुमरसिंग उम्र 50 वर्ष निवासी छातीआम को हिरासत में लेकर उससे कड़ाई से पूछताछ की गई।

### बदले की भावना से मारा

पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि कुछ दिन पूर्व उसके बैल का बाघ द्वारा शिकार किया गया था और उसके बाद उसने मृत बैल के शव में जहर (कीटनाशक यूरिया) डाल दिया और जहरीला गारा खाने से बाघ की मौत हो गई। आरोपी ने बताया कि उसने अगले ही दिन अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर मृत बाघ के शव को जमीन में दफना दिया।अन्य आरोपियों को भी पकड़ा वन विभाग ने मुख्य आरोपी उदेसिंग की निशानदेही कर वारदात में संलिप्त अन्य आरोपियों में बिसनलाल शीलू पिता जुगन (30 वर्ष )निवासी पुटईआम, मनोहर सिंग पिता कोमल (60 वर्ष )निवासी डोब झिरना तह. बाबई जिला नर्मदापुरम कैलाल पिता कारेसा निवासी कूचीखोह (65 वर्ष) को गिरफ्तार किया है।

### निगरानी पर भी उठे सवाल

वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि इस बाघ को बांधवगढ़ से सतपुड़ा लाया गया था, लेकिन पर्याप्त निगरानी नहीं होने के कारण यह घटना हुई। यह भी सामने आया है कि मुख्य आरोपी को पिछले साल वन्य प्राणी क्षतिपूर्ति के रूप में 15 हजार रुपये मिल चुके थे।

### प्रोटोकॉल के तहत किया गया अंतिम संस्कार

घटना के बाद वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में मृत नर बाघ का प्रोटोकॉल के तहत अंतिम संस्कार किया गया। फिलहाल वन विभाग इस मामले के अन्य पहलुओं की भी गहन जांच कर रहा है।

## जामसांवली के 'हनुमान लोक' में रामकथा का शंखनाद

### जगद्गुरु रामभद्राचार्य की अमृतवाणी से सराबोर हुआ जनमानस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर 'हनुमान लोक' जामसांवली धाम में रविवार से दिव्य श्रीराम कथा का भव्य मंगल शुभारंभ हुआ। हनुमान जन्मोत्सव के पावन उपलक्ष्य में आयोजित इस कथा के प्रथम दिन आस्था और भक्ति का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। पद्मविभूषण तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज के आगमन से पूरा क्षेत्र 'जय श्रीराम' के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। कथा व्यासपीठ से पूज्य जगद्गुरु ने रामायण के गूढ़ रहस्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान राम का जीवन केवल एक राजा की गाथा नहीं, बल्कि धर्म और मर्यादा का जीवंत स्वरूप है। उन्होंने रामायण की पांच प्रमुख लीलाओं— बाल लीला, विवाह लीला, वनवास, रणभूमि और राज्याभिषेक का वर्णन करते हुए बताया कि प्रभु राम ने अधर्म का विनाश कर सत्य की स्थापना की। उनका प्रत्येक कदम मानव जाति के लिए कर्तव्यपथ का प्रकाश स्तंभ है।



### क्या है लेटे हुए श्री हनुमान जी का रहस्य

महाराज जी ने जामसांवली में विराजमान हनुमान जी की लेटी हुई प्रतिमा की महिमा बताते हुए कहा कि विश्व में ऐसी प्रतिमाएं अत्यंत दुर्लभ हैं। जनश्रुति के अनुसार, लंका विजय के पश्चात उत्तर दिशा की ओर जाते समय पवनपुत्र ने इसी पवित्र भूमि पर विश्राम किया था। उन्होंने इस विग्रह को अत्यंत जागृत और साक्षात कृपा स्वरूप बताते हुए विश्व मंगल की कामना की, कथा के शुभारंभ पर मुख्य यजमान संस्थान अध्यक्ष गोपाल शर्मा एवं प्रबंध ट्रस्टी संदीप मोहोड ने सपरिवार जगद्गुरु के चरण पादुका का विधि-विधान से पूजन किया। इस अवसर पर अनिल बोंडे राज्यसभा सांसद नीरज कुमार वशिष्ठ कलेक्टर, पांढुर्णा सुंदर सिंह कनेश (पुलिस अधीक्षक, मुधोजी राजे भोंसले, जे.के. शर्मा (डायरेक्टर, रेमंड) आदि थे।

### कलश यात्रा ढोल नगाड़े के साथ हुआ महाराज श्री का स्वागत

चित्रकूट से चमत्कारी हनुमान मंदिर पहुंचे जगद्गुरु के आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। नागपुर एयरपोर्ट पर संदीप मोहोड एवं पूर्व मंत्री नाना मोहोड, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता अजय धवले ने उनकी अगवानी की,वहीं जामसांवली में पुष्पवर्षा के साथ ऐतिहासिक स्वागत हुआ। पीत वस्त्र धारण किए महिलाओं ने भव्य कलश यात्रा निकाली और वारकरी संप्रदाय की परंपरागत दिंडी यात्रा ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

## एक किलोमीटर नदी में दौड़ाई स्कार्पियो, तब हाथ लगी ट्रॉली

### खनिज अधिकारी ने रेत उत्खनन करते एक ट्रैक्टर और एक ट्रॉली को पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

महिला खनिज अधिकारी स्नेहलता ठवरे ने नदी में अवैध रेत का उत्खनन करते एक ट्रॉली और एक ट्रैक्टर को पकड़ा । इनमें से एक को पकड़ने के लिए अधिकारी को अपना स्कार्पियो वाहन नदी में ही लगभग 1 किलोमीटर तक दौड़ना पड़ा । ट्रैक्टर चालक ट्रॉली छोड़कर ट्रैक्टर का मुंडा लेकर भाग खड़ा हुआ । दोनों ट्रक्टर चरई के बताये जा रहे हैं । इनमें से एक किसी बंटी का बताया जा रहा है ।

बड़कुही पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत पेंच नदी के चरई डेम के पीछे ढोर नकान क्षेत्र में अवैध रूप से अवैध रेत का उत्खनन और परिवहन लंबे समय से जारी है । इसकी सूचना खनिज अधिकारी स्नेहलता ठवरे को लगने पर वे योजनाबद्ध तरीके से मौके पर पहुंची । उन्होंने देखा की नदी में दो ट्रैक्टर खड़े हैं , और उनमें रेत भरी जा रही है । वे अपनी स्कार्पियो गाड़ी लेकर नदी में ही पहुंच गई । जिसे देख अवैध रेत उत्खनन करने वाले ट्रैक्टर लेकर भागे ।

अधिकारी ने अपनी जान जोखिम में डाल कर एक ट्रैक्टर को पकड़ा , दूसरे को पकड़ने के लिए बड़ी मशक्कत करनी पड़ी । नदी के उबड़ - खाबड़ रास्तों पर वाहन दौड़ाते हुए दूसरे ट्रैक्टर का लगभग 1 किलोमीटर तक पीछा करते हुए रिछेड़ा के करीब ट्रैक्टर चालक ट्रॉली छोड़ कर भाग खड़ा हुआ । अधिकारी ने एक ट्राली और एक ट्रैक्टर को जब्त के बड़कुही पुलिस चौकी में खड़ा कराया ।

## बिछुआ में विहिप-बजरंग दल की रणनीतिक बैठक संपन्न, कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण अनिवार्य

### नई कार्यकारिणी की घोषणा के साथ हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियां तेज, संगठन मजबूती पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



बिछुआ के मधुवन लॉन में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल प्रखंड बिछुआ की एक महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन विस्तार, कार्यकारिणी गठन और आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही और संगठन को मजबूत करने के लिए कई अहम निर्णय लिए गए।

बैठक के दौरान नई प्रखंड कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें अरुण रघुवंशी को प्रखंड संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं तरुण मालवीय और कपिल पवार को सह-संयोजक नियुक्त किया गया। इसके अलावा संगठन के विभिन्न दायित्वों के लिए भी पदाधिकारियों का चयन किया गया, जिसमें विवेक सिंह ठाकुर को गौ रक्षा प्रमुख, निलेश ठाकुर को मिलन प्रमुख, प्रदीप धुर्वे को सुरक्षा प्रमुख और यस ठाकुर को बल उपासना प्रमुख बनाया गया।

अमन दुबे को सह-संयोजक की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई।बैठक में सबसे ज्यादा जोर कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण पर दिया गया। पदाधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिया कि संगठन के प्रत्येक जिम्मेदार कार्यकर्ता के लिए 'विश्व हिंदू परिषद शिक्षा वर्ग' और 'बजरंग दल शौर्य प्रशिक्षण वर्ग' में भाग लेना अनिवार्य होगा।

उन्होंने कहा कि एक सशक्त और अनुशासित संगठन के निर्माण के लिए प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है, जिससे कार्यकर्ता धर्म और राष्ट्र की सेवा के लिए बेहतर तरीके से तैयार हो सकें।इसके साथ ही आगामी हनुमान जन्मोत्सव को लेकर भी विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई। कार्यकर्ताओं से आह्वान किया गया कि वे घर-घर जाकर हिंदू समाज को जागरूक करें और इस उत्सव को भव्य एवं संगठित रूप से मनाएं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रखंड स्तर पर विशेष जिम्मेदारियां भी तय की गईं।

बैठक में उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारियों ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। विभाग मंत्री नकुल विश्वकर्मा और जिला संयोजक नरेंद्र पटेल ने कहा कि प्रशिक्षण ही कार्यकर्ता की असली ताकत है और इसके माध्यम से ही संगठन मजबूत बनता है। वहीं जिला उपाध्यक्ष गुड्डु रघुवंशी और जिला मंत्री गौरव सेन ने आगामी कार्यक्रमों की सफलता के लिए एकजुटता और समर्पण की आवश्यकता पर बल दिया।

## परासिया के ऋषभ बने माइनिंग इंस्पेक्टर, प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल

### एमपी पीएससी 2023 में शानदार सफलता, मुख्यमंत्री से मिला नियुक्ति पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा जिले के परासिया निवासी ऋषभ सिंह दीक्षित ने अपनी मेहनत, लगन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपी पीएससी) 2023 की परीक्षा में सफलता प्राप्त करते हुए माइनिंग इंस्पेक्टर के पद पर चयनित होकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। खास बात यह है कि उन्होंने इस परीक्षा में 500 में से 339 अंक अर्जित करते हुए प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया।

### सावंगी धाम में मनेगा ब्रह्मलीन भैय्याजी महाराज पुण्यतिथि महोत्सव

**सौंसर।** सुप्रसिद्ध 'श्री ताज आनंद आश्रम' सावंगी में ब्रह्मलीन परम पूजनीय भैय्याजी महाराज का 40वाँ पुण्यतिथि महोत्सव 2 अप्रैल को श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। इस महोत्सव के उपलक्ष्य में सोमवार, 1 अप्रैल को सौसर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर भ्रमण के पश्चात सावंगी तीर्थ क्षेत्र के लिए प्रस्थान करेगी।20वीं सदी के महान संत और अवतारी पुरुष भैय्याजी महाराज का जन्म 29 जनवरी 1910 को सावंगी में हुआ था। महाराज श्री बाल्यकाल से ही कुशाग्र बुद्धि और भगवत भक्ति के लिए विख्यात थे। उन्होंने अपने खेत में आम के पेड़ के नीचे बैठकर पीड़ितों के कष्ट दूर किए और उन्हें शांति का मार्ग दिखाया।महाराज ने अपने तपोवन का नाम 'श्री ताज आनंद आश्रम' रखा, जो हिंदू-मुस्लिम एकता और सर्वधर्म समभाव की जीती-जागती मिसाल है। 'ताज' इस्लाम और 'आनंद आश्रम' हिंदू धर्म का प्रतीक है, जो दोनों समुदायों के बीच प्रेम और सौहार्द की नींव रखता है।15 अप्रैल 1984 (हनुमान जयंती) को महाराज के ब्रह्मलीन होने के पश्चात, परम पूजनीय दामोदर उपाख्य बाबासाहेब बुधौलिया ने आश्रम की आध्यात्मिक और प्रशासनिक व्यवस्था को संभाला।

### रात में पकड़े गए ट्रक-ट्रैक्टर छोड़ने की चर्चा, अधिकारियों की भूमिका पर उठे सवाल

# रेत माफिया का बोलबाला: तामिया में अवैध खनन और 'लेनदेन' के आरोपों से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया (बाबा ठाकुर)

तामिया तहसील क्षेत्र में अवैध रेत खनन का मामला लगातार गहराता जा रहा है। स्थानीय सूत्रों और चर्चाओं के अनुसार, राजस्व क्षेत्र की नदियों से बड़े पैमाने पर रेत चोरी की जा रही है, जिससे कई नदियां लगभग रेतविहीन हो चुकी हैं। आरोप है कि यह पूरा खेल अधिकारियों की कथित मिलीभगत से संचालित हो रहा है, जिससे रेत माफिया बेखौफ होकर अपने काम को अंजाम दे रहे हैं।

बताया जा रहा है कि कुआं बादला सर्किल के अंतर्गत बागई जंगल क्षेत्र इन दिनों अवैध रेत खनन का प्रमुख केंद्र बन चुका है। यहां दिनदहाड़े नदियों से रेत निकालकर उसका अवैध भंडारण किया जा रहा है और बाद में मंडी की तरह खुलेआम उसकी बिक्री की जा रही है।

हाल ही में खनिज निरीक्षक द्वारा एक ट्रक और एक ट्रैक्टर को अवैध रेत भरते हुए जब्त कर थाने में खड़ा कराया गया था, लेकिन इसके बाद कार्रवाई ठंडी पड़ गई, जिससे संदेह और गहरा गया है।बीती रात की घटना ने इस पूरे मामले को और भी गंभीर बना दिया है। जानकारी के अनुसार, तहसीलदार लिखे एक बोलेरो वाहन ने तामिया घाट क्षेत्र में मजार के पास तीन ट्रकों को रोका। इन ट्रकों पर 'हार्डवेयर' लिखा हुआ था और इन्हें एक स्थानीय कांग्रेस नेता से जुड़ा बताया जा रहा है।




प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, काफी देर तक रोकने के बाद इन ट्रकों को कथित तौर पर लेनदेन कर छोड़ दिया गया। हालांकि, इस मामले की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।इसी दौरान एक अन्य ट्रैक्टर को भूरा भगत मार्ग पर हर्ष दिवारी के पास सुनसान स्थान पर खड़ा कर दिया गया था।

बताया गया कि जैसे ही तहसीलदार लिखे वाहन को इसकी सूचना मिली, वह वहां भी पहुंचा। लेकिन यहां भी बिना किसी कार्रवाई के वाहन को छोड़ दिए जाने की चर्चा है, जिससे पूरे घटनाक्रम पर सवाल उठ रहे हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाए, तो सच्चाई सामने आ सकती है।

उन्होंने सुझाव दिया है कि रात 3:00 से 5:00 बजे के बीच तामिया क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों और कुआं बादला टोल नाके के फुटेज की जांच की जाए। इससे यह स्पष्ट हो सकेगा कि तहसीलदार लिखे वाहन में कौन-कौन मौजूद थे और आखिर किन परिस्थितियों में वाहनों को छोड़ा गया।

इस मामले ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो यह न केवल कानून व्यवस्था के लिए चुनौती है, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों के दोहन का भी गंभीर मामला है। अब देखना होगा कि वरिष्ठ अधिकारी इस मामले में क्या कदम उठाते हैं और क्या वास्तव में सच्चाई सामने आ पाती है या नहीं।

### अवैध खनन का नया हॉटस्पॉट

कुआं बादला सर्किल का बागई जंगल क्षेत्र इन दिनों रेत माफियाओं का प्रमुख अड्डा बन चुका है, जहां खुलेआम भंडारण और बिक्री हो रही है।

### कार्रवाई के बाद भी ढील क्यों?

खनिज विभाग द्वारा एक ट्रक और ट्रैक्टर जब्त करने के बाद अचानक कार्रवाई धीमी पड़ गई, जिससे प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं।

### रात की संदिग्ध गतिविधियां

तहसीलदार लिखे वाहन द्वारा रोके गए तीन ट्रकों और एक ट्रैक्टर को कथित लेनदेन के बाद छोड़ने की चर्चा से मामला गरमा गया है।

### जांच से खुल सकता है राज

सीसीटीवी फुटेज और टोल नाके के रिकॉर्ड की जांच से यह पता लगाया जा सकता है कि घटना के समय वाहन में कौन मौजूद था और क्या हुआ था।

## समय पर पहुंची पुलिस ने बचाई जान, जांच में निकली पूरी खबर निराधार

# बच्चा चोरी की झूठी खबर से युवक की जान पर बनी आफत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिंगोड़ी



सिंगोड़ी चौकी क्षेत्र के ग्राम कोल्हिया में रविवार को एक अफवाह ने ऐसा माहौल बना दिया, जिससे एक युवक सहित तीन महिलाओं की जान खतरे में पड़ गई। बच्चा चोरी की झूठी सूचना ने गांव में अचानक तनाव और आक्रोश पैदा कर दिया, जिससे ग्रामीणों की भीड़ उग्र हो उठी। गनीमत रही कि पुलिस समय पर मौके पर पहुंच गई और बड़ी अनहोनी होने से टल गई।

घटना उस समय शुरू हुई जब किसी अज्ञात व्यक्ति ने डायल 112 पर कॉल कर यह सूचना दी कि गांव में बर्तन बेचने वाला एक युवक कक्षा पांच में पढ़ने वाली एक बच्ची को पकड़ने की कोशिश कर रहा है। सूचना मिलते ही गांव में यह खबर आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। लोगों ने बिना सत्यता की जांच किए युवक को पकड़ लिया और उस पर बच्चा चोरी का आरोप लगाते हुए आक्रोश व्यक्त करने लगे।स्थिति तेजी से बिगड़ती जा रही थी। भीड़ के उग्र रुख को देखते हुए युवक के साथ मौजूद तीन महिलाओं की भी जान खतरे में पड़ गई। इसी बीच सूचना मिलते ही सिंगोड़ी पुलिस मौके पर पहुँची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने युवक को भीड़ से सुरक्षित निकालकर चौकी ले जाया, जहां उससे गहन पूछताछ की गई।जांच के दौरान यह स्पष्ट हो गया कि बच्चा चोरी की खबर पूरी तरह से झूठी और निराधार थी। युवक नागपुर के किसी ग्रामीण क्षेत्र का रहने वाला है और वह अपने परिवार के साथ गांव-गांव घूमकर बर्तन बेचने का काम करता है।

पुलिस की पूछताछ में युवक ने अपनी पहचान और काम के बारे में सभी आवश्यक जानकारी दी, जिसकी पुष्टि उसके परिजनों और रिश्तेदारों के पहुंचने पर हो गई।ग्रामीणों और बच्ची द्वारा बताई गई कहानी के आधार पर ही यह अफवाह फैली थी, जिससे लोगों में गुस्सा बढ़ गया था। बताया गया कि उक्त युवक को किसी अन्य गांव से पकड़कर कोल्हिया लाया गया था, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो गई।गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से जिले में बच्चा चोरी की अफवाहें लगातार फैल रही हैं। इन अफवाहों के चलते ग्रामीण क्षेत्रों में हर अजनबी व्यक्ति को संदेह की नजर से देखा जा रहा है। यही कारण है कि छोटी-सी सूचना भी बड़े हंगामे का रूप ले लेती है।चौकी प्रभारी पंकज राय ने बताया कि युवक के खिलाफ कोई भी आपराधिक तथ्य सामने नहीं आया है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर विश्वास न करें और पहले पुलिस को सूचित करें। उन्होंने कहा कि सतर्कता जरूरी है, लेकिन बिना जांच के किसी पर आरोप लगाना और कानून हाथ में लेना खतरनाक साबित हो सकता है।यह घटना एक बार फिर इस बात की चेतावनी देती है कि अफवाहें कितनी खतरनाक हो सकती हैं। यदि समय रहते पुलिस हस्तक्षेप न करती, तो यह मामला गंभीर हिंसा में बदल सकता था।

# चौरई में नई पहल: मृत्यु भोज छोड़ समाज कल्याण को 51 हजार दान

**चौरई (छिंदवाड़ा)।** समाज में वर्षों से चली आ रही मृत्यु भोज (13वीं) की परंपरा के बीच चौरई से एक प्रेरणादायक पहल सामने आई है। अन्नपूर्णा मैरिज लॉन के संचालक एवं अखिल भारतीय लोधी महासभा के जिला कोषाध्यक्ष सुखलाल वर्मा द्वारा अपनी पत्नी स्वर्गीय रामशिला बाई के निधन पर 13वीं कार्यक्रम न कर केवल श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर एक नई मिसाल पेश की गई।दिनांक 28 मार्च 2026, शनिवार को बायपास रोड स्थित अन्नपूर्णा मैरिज लॉन में आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा में परिवारजनों एवं समाजजनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर स्व. रामशिला बाई को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिजनों—दीपक वर्मा (पार्षद, वार्ड 15), प्रदीप वर्मा एवं गोल्डी वर्मा—द्वारा समाज के उत्थान एवं कल्याण के लिए 51,000 की राशि जिला लोधी क्षत्रिय समाज संगठन को भेंट की गई।विशेष बात यह रही कि यह राशि उस खर्च से बचाकर दी गई, जो सामान्यतः 13वीं एवं मृत्यु भोज में किया जाता है। इस पहल के माध्यम से समाज को यह संदेश



दिया गया कि फिजूल खर्च से बचकर समाज सेवा और विकास कार्यों में योगदान देना अधिक उपयोगी है।कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष अतरलाल पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष अजब सिंह पटेल एवं विधान सभा प्रभारी लखन कुमार वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला महामंत्री जी.एल. वर्मा सहित अनेक वरिष्ठ समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। महिला वर्ग की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही।समाज के पदाधिकारियों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अनुकरणीय बताया और अन्य सामाजिक बंधुओं से भी अपील की कि वे मृत्यु भोज जैसी परंपराओं को छोड़कर समाज हित में कार्य करें।चौरई में इस तरह की पहल को समाज में बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# जैन समाज ने निकाली जिनधर्म प्रभावना वाहन रैली



**छिंदवाड़ा** - आज चैत्र सुदी तेरस सोमवार 30 मार्च के शुभ दिन सकल अहिंसा प्रेमी जैन समाज अहिंसा के प्रणेता वर्तमान शासन नायक 1008 तीर्थंकर महावीर भगवान का 2625 वां मंगलकारी जन्मकल्याणक महोत्सव विविध अनुष्ठानों के साथ मनावेगा।मंगल महोत्सव की खुशी में सकल जैन समाज ने रविवार को विशाल जिनधर्म प्रभावना वाहन रैली जिसमें हजारों की संख्या में जिनशासन सेवकों ने जय घोष के साथ नगर का भ्रमण किया ओर नगर के समस्त जिनालयों सहित चैत्यालयों में ध्वजारोहण कर मंगल महोत्सव की शुभकामनाएं दी।रैली का शुभारंभ अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित मान स्तंभ पर ध्वजारोहण 108 दिगंबर महामुनिराज पूज्यश्री निर्वेग सागर जी ससंघ के सानिध्य में किया गया।इस अवसर पर रैली ने मंगलगान पूर्वक नगर का भ्रमण किया जहां सकल जैन समाज के सभी घटकों द्वारा रैली का आत्मीय अभिनंदन कर स्वागत किया ओर सभी को श्रीवीर प्रभु के 2625 वें जन्मकल्याणक महोत्सव की शुभकामनाएं देकर सर्वोदय अहिंसा के साथ विश्व शांति की मंगलकामना की।आज मनेगा जन्मकल्याणक - महोत्सव के संयोजक रत्नेश जैन एवं मीडिया प्रभारी दीपक राज जैन ने बताया कि श्री वीर प्रभु के 2625 वें जनमलक्याणक का शुभारंभ प्रातः 6.00 बजे प्रभात फेरी से होगा पश्चात अहिंसा स्थली गोल गंज प्रातः 7.00 बजे कुंडलपुर नगरी गोलगंज में श्री 1008 भगवान महावीर स्वामी के सामूहिक अभिषेक एवं पूजन तथा नगर के समस्त जिनालयों एवं चैत्यालयों में अभिषेक एवं नित्य नियम पूजन होगी, 8.00 बजे मुनिश्री 108 निर्वेग सागर जी महाराज के मंगल प्रवचन के बाद जन्मकल्याणक की शोभायात्रा शमानस्तंभ के सामने से प्रारंभ होकर को-ऑपरेटिव बैंक के सामने से इतवारी, कमानिया गेट, अहिंसा स्थली गोलगंज से मेन रोड, बड़ा मंदिर, चूनागली, तारण तरण चैत्यालयजी, छोटी बाजार, नेशनल रेडियो, छापाखाना, बुधवारी बाजार, मिर्ची बाजार, फव्वारा चौक, जेल बगीचा से होकर जैन मंदिर मार्ग, आदिनाथ जैन मंदिर गुलाबरा से डॉ. बक्शी की गली से पुनः जेल बगीचा, फव्वारा चौक होकर गोल गंज में समापन।

# तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ का विदाई सम्मान समारोह सम्पन्न

**परासिया।** तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ म.प्र.जिला शाखा छिन्दवाड़ा द्वारा सेवानिवृत्ती के पश्चात विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । इस आयोजन में छिन्दवाड़ा एवं पांढुर्णा के जिला संघ के पदाधिकारियों के अपनी सेवाओं से निवृत होने पर उन्हें विदाई दी गई और सम्मानित किया गया । यह आयोजन नीमढाना में किया गया । बी ई ओ ओमप्रकाश जोशी , ज्ञानेन्द्र शर्मा तहसील अधिकारी , दमुआ के द्वारा आयोजित किया गया । जिसमें अतिथि संघ की तामिया ब्लाक अध्यक्ष माया धुर्वे , ओ.पी. जोशी विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यक्रम अधिकारी , मुकेश खरे , संभागीय संयोजक की गरिमा मय उपथिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।



कार्यक्रम में रिटायर्ड अधिकारी अवधेश विश्वकर्मा , ओमकार नामदेव , संजय , चन्द्रशेखर इंगले , डी.के नारंजे , रविन्द्र चौधरी , दिलीप ठोम्बरे , बी.पी .तिवारी , रामभरोस वर्मा , पुष्पेंद्र काटोलकर का श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया । सभी रिटायर्ड पदाधिकारियों ने संघ में पद पर कार्य के अनुभवों को साझा किया। इस अवसर पर संघ के नव नियुक्त पदाधिकारी प्रमोद श्रीवास्तव तहसील अध्यक्ष जुन्नारदेव , मनोज पराते ब्लाक अध्यक्ष बिछुआ मनोज संबारे तहसील अध्यक्ष बिछुआ , शाहिद अली मीर तहसील अध्यक्ष चौरई , नीरज दंबे कार्यकारी जिला अध्यक्ष छिन्दवाड़ा को मनोनीत कर न्युक्ति पत्र प्रदान किए गए ।कार्यक्रम को सफल बनाने में सुखदेव तारामb, दिनेश वर्मा , आजाद सिंह , प्रमोद श्रीवास्तव , संजय श्रीवास्तव , बालकराम साहू , हेमंत वर्मा , संजीव पांडेb, बलराम भलावी , कुलदीप गुलबाके , धीरज शर्मा, अवधेश नामदेव , जगदीश पन्द्राम , दद्दू सिंह ठाकुर , राजू निर्मलकर , सुरेश , एजाज अंसारी , आदि ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया । मंच संचालन नीरज दुबे व आभार प्रदर्शन ओमप्रकाश सोनी द्वारा किया गया ।

# सालों इंतजार के बाद नपा में बने 6 एल्डरमेन

**पांढुर्णा।** नगर पालिका पांढुर्णा के चुनाव होने को लगभग 3 साल बीतने के बाद भाजपा द्वारा एल्डरमेन अर्थात मनोनीत पार्षदों की सूची जारी की गई। हालांकि एल्डरमेन के नाम काफी पहले ही भोपाल प्रेषित कर दिए गए थे। जिनके नाम प्रेषित किए गए थे उनकी उम्मीदें भी काफी कमजोर पडने लगी थी। नगरमंडल भाजपा द्वारा सभी 6 एल्डरमेन को बधाईयां दी गई। आज नगरपालिका परिषद पांढुर्णा के भाजपा ने 6 भाजपा कार्यकर्ताओं को एल्डरमेन के रूप में मनोनीत किए जाने की घोषणा की। नगरपालिका पांढुर्णा में एल्डरमेन बननेवालों में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व नगरमंडल अध्यक्ष दशरथ सांबारे, पूर्व भाजपा पार्षद सतीश बांबल, पूर्व पार्षद संध्या माधवराव पाटील, पूर्व पार्षद प्रशांत दाढे, प्रशांत गायधने तथसा तरूण बालपांडे शामिल है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने एल्डरमेन बनाए जाने को लेकर हर्ष व्यक्त किया है।

# बिजली बिल डिफॉल्टरों पर आफत, एमपीईबी ने काटे 20 कनेक्शन

**पांढुर्णा।** बिजली विभाग पांढुर्णा द्वारा आज बीते 3 माह से बिजली बिल न पटाने वाले 20 उपभोक्ताओं के खिलाफ सख्ती बरतते हुए उनके कनेक्शन काट दिए गए। बिजली विभाग के उपयंत्री गौरव कुमार ने बताया कि कनेक्शन विच्छेदन की कारवाई शहर के अनेक हिस्सां में की गई है। इन्होंने बताया कि बंसोड कालोनी, 11 खोली, गुजरी बाजार, जलाराम वार्ड, आशिर्वाद कालोनी, शारदा मार्केट तथा गुरूनानक वार्ड के अलावा कुछ अन्य क्षेत्र में की गई। इन्होंने कहा कि शहर में लगभग 7-8 सौ से अधिक उपभोक्ताओं पर कुल 20 लाख रू. से अधिक बिजली बिल बकाया है। भविष्य में भी बिजली बिल नहीं भरनेवालों के खिलाफ ऐसी कारवाई की जाएगी।



## जन अभियान परिषद के सदस्यों द्वारा केशा नदी पर पानी रोको बोरी बंधान किया



**किरनापुर।** म.प्र. जन अभियान परिषद विकासखंड किरनापुर में 28 मार्च 2026को कलेक्टर महोदय के निर्देशन एवं जिला समन्वयक श्री सुशील बर्मन एवम विकासखंड समन्वयक श्रीमती रुचिका बेस के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत ग्राम केशा के देव नदी में 300 बोरियो का बोरी बधान किया गया जिसमे ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यो एवम ग्रामीण जन उपस्थित थे। इन सभी को जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी गई एवं जल के महत्व को बताया गया ,जल है तो कल है जिसमें नवांकुर संस्था केशा अध्यक्ष महेश पटले मैटर्स निकास येडे cmcldp छात्र छात्रा का सराहनीय योगदान रहा।

# मोहगांव में संत रविदास जी की प्रतिमा का हुआ लोकार्पण



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** जात-पात के घोर विरोधी और आत्मज्ञान का प्रशस्त करने वाले कवि और संत रविदास जी की प्रतिमा का तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत मोहगांव में भव्य समारोह का आयोजन कर लोकार्पण किया गया। विधायक गौरव सिंह पारधी के मुख्य आतिथ्य और जिला पंचायत सदस्य श्रीमती केसर बिसेन, श्रीमती रविकांता महेश बोरकर, सुश्री प्रियंका परते के विशिष्ठ आतिथ्य में लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया था। रविवार 29 मार्च को प्रतिमा के लोकार्पण समारोह के पूर्व दोपहर गांव में भव्य रैली निकाली गई। जिसमें रविदासिया समाज संगठन के पदाधिकारी और समाज के महिला, पुरूष, युवक-युवतियों और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली में तमाम महापुरूषों की जीवंत झांकियां जन आकर्षण का केंद्र रही। सदगुरू रविदास सामाजिक संगठन समिति बालाघाट, कटंगी, तिरोड़ी, महिला सेक्टर समिति के अलावा ग्राम समिति के तत्वाधान में यह आयोजन हुआ। लोकार्पण समारोह में जिले भर से रविदासिया समाज के लोग एकत्रित हुए। संत रविदास ने ने ऊँच-नीच की भावना और ईश्वर-भक्ति के नाम पर किये जाने वाले विवाद को सारहीन और निरर्थक बताया और सबको परस्पर मिलजुल कर प्रेमपूर्वक रहने का उपदेश दिया है।

## नगर परिषद के 04 मनोनीत पार्षदों की सूची हुई जारी



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** मध्यप्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, राज्य की कुल 123 नगर परिषदों में एल्डरमैन यानी मनोनीत पार्षदों की नियुक्तियां की गई हैं। बालाघाट जिले की नगर परिषद कटंगी में प्रीतम खटवानी, संजय वाघमारे, प्रगति बिसेन और चंदन खरे की नियुक्ति हुई है। जिन्हें शुभचिंतकों के सोशल मीडिया पर बधाई दी जा रही है। इन नियुक्तियों का आदेश मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1961 की धारा 19 (1) (ग) के तहत जारी किया गया है। रविवार को दोपहर 1 बजे यह जानकारी सामने आई। नवनियुक्त पार्षदों का कार्यकाल वर्तमान परिषद के कार्यकाल के साथ समाप्त होगा या आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा। मनोनीत पार्षदों की नियुक्ति का मुख्य आधार प्रशासनिक अनुभव और नगर पालिका अधिनियम की जानकारी होता है। संगठन की सिफारिश पर नियुक्त होने वाले ये एल्डरमैन परिषद की बैठकों और चर्चाओं में सक्रिय रूप से भाग ले सकते हैं, बस इनके पास मताधिकार नहीं होता है।

# वारासिवनी विधानसभा के लिए 10 ऑगनवाड़ी केन्द्र भवन स्वीकृत

## विधायक विवेक पटेल ने मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव और महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



विधायक विवेक विक्की पटेल के अथक प्रयास से वारासिवनी-खैरलांजी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 10 आंगनबाड़ी केंद्र के लिये भवन की स्वीकृति मिली हैं। प्रत्येक भवन लगभग 11 लाख रूपये की लागत से बनेगें। विधायक विवेक विक्की पटेल द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भवन विहीन आंगनबाड़ी केंद्रों के लिये भवन व राशि स्वीकृत करने के लिये पत्र लिखते हुए मांग पत्र प्रेषित किया गया था। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री निर्मला भूरिया से प्रत्यक्ष भेंट भी की थी। जिसके बाद वारासिवनी-खैरलांजी विधानसभा को 10 आंगनबाड़ी भवन की स्वीकृति प्राप्त हुई हैं। आंगनवाड़ी भवन के राशि स्वीकृत होने पर विधायक विवेक विक्की पटेल ने मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव और महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया का आभार जताया है।

जिन ऑगनवाड़ी भवनों के लिए राशि स्वीकृत की गई है, उनमें ग्राम पंचायत रेंगाटोला, खिडक़ीटोला, सोनझरा, हमेशाटोला, गोंडीटोला, कस्बीटोला, शेरपार, धानीटोला, सेलवटपार सहित वारासिवनी नगर के वॉर्ड नंबर 8 में आंगनवाडी केन्द्र शामिल है।

विधायक विवेक विक्की पटेल ने बताया कि मेरे विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विविध आंगनबाड़ी केंद्रों के भवन नहीं होने की स्थिति में किराये के कमरे में या अन्य स्थान पर संचालित होने की जानकारी उनके संज्ञान में आयी थी। वहीं कुछ आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन जर्जर भवन में हो रहा था और उसमें बच्चे बैठ रहे थे। स्वयं के भवन के अभाव में कई तरह की दिक्कतें इन केंद्रों को संचालित करने में हो रही थी। इसी कारण भवन विहीन या किराये के भवन में संचालित हो रहे आंगनबाड़ी केंद्रों के लिये भवन की मांग की गई थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव व महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने उनकी मॉग पर आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत किए हैं। अब इन केंद्रों को नये भवन की सौगात मिलेगी। जहां पर हमारे मासूम नौनिहालों को नये भवन उपलब्ध होगा और वह केंद्र अब किराये का या भवन विहीन नहीं कहलायेगा। जनता द्वारा किये गये भरोसे पर खरा उतरने का प्रयास किया जा रहा हैं।

## लाड़सा गांव में बिजली के खतरनाक तार, पंचायत और विभाग की खींचतान में फंसे ग्रामीण

# आंगन में झूलती मौत! जिम्मेदारी से भागते विभाग, ग्रामीणों की जान पर बन आई

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** जिले के लांजी जनपद क्षेत्र के ग्राम लाड़सा के वार्ड क्रमांक 13 में इन दिनों हालात बेहद चिंताजनक बने हुए हैं। यहां घरों के आंगन से खतरनाक तरीके से झूलते विद्युत तार किसी बड़े हादसे को न्योता दे रहे हैं। तार इतने नीचे लटक रहे हैं कि छोटे-छोटे बच्चों के हाथ आसानी से उन तक पहुंच सकते हैं, जिससे कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है। लेकिन हैरानी की बात यह है कि इस गंभीर समस्या को लेकर जिम्मेदार विभाग एक-दूसरे पर आरोप मढ़ते हुए पल्ला झाड़ रहे हैं।



**खतरे के साए में जीने को मजबूर ग्रामीण:** ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। बच्चे घर के आंगन में खेलने से डरने लगे हैं और परिजन हर वक्त किसी अनहोनी की आशंका में जी रहे हैं। यह केवल एक लापरवाही नहीं, बल्कि सीधे-सीधे ग्रामीणों की जान के साथ खिलवाड़ है। सवाल उठता है कि आखिर किसी बड़ी दुर्घटना के बाद ही जिम्मेदार जागेंगे क्या?

**पंचायत बनाम बिजली विभाग, जिम्मेदारी का खेल:** इस मामले में बिजली विभाग के जेई धमेन्द्र कुथे का कहना है कि पंचायत द्वारा सड़क को ऊंचा करने के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई है। विभाग ने स्टीमेट बनाकर पंचायत को सौंप दिया है और अब कार्य करवाने की जिम्मेदारी पंचायत की है। वहीं पंचायत का तर्क है कि उनके पास इस कार्य के लिए राशि ही उपलब्ध नहीं है, ऐसे में वे काम कैसे कराएं। दोनों के इस आरोप-प्रत्यारोप के बीच सबसे ज्यादा नुकसान ग्रामीणों को उठाना पड़ रहा है। समस्या जस की तस बनी हुई है और खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। यदि जल्द ही इस ओर ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह लापरवाही किसी बड़े हादसे में बदल सकती है, जिसकी जिम्मेदारी से शायद कोई भी बच नहीं पाएगा।

लाड़सा गांव के वार्ड क्रमांक 13 में इन दिनों ग्रामीण भय और अनिश्चितता के माहौल में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। बाबूलाल रावते, श्री नखाते सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की ऊंचाई बढ़ जाने के कारण विद्युत तार अब काफी नीचे आ गए हैं, जिससे छोटे-छोटे बच्चों के हाथ भी आसानी से उन तक पहुंच सकते हैं। यह स्थिति किसी बड़े हादसे को न्योता दे रही है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार पंचायत और बिजली विभाग दोनों को शिकायत दी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पंचायत राशि न होने की बात कहकर टालमटोल कर रही है, जबकि बिजली विभाग जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहा है। ऐसे में ग्रामीणों का कहना है कि वे हर पल डर के साये में जी रहे हैं और अब केवल किसी अनहोनी का इंतजार सा हो गया है।

# आधी रात में 'प्रतिमा राजनीति' से भड़का लाडसा गांव, जयस्तंभ चौक पर अवैध कब्जे का आरोप

## बिना अनुमति रात 2 बजे प्रतिमा स्थापना, ग्रामवासियों में उबाल-महिलाएं पहुंचीं पंचायत, कार्रवाई की मांग तेज



**हरिभूमि न्यूज लांजी ।** लांजी जनपद के ग्राम लाड़सा का जयस्तंभ चौक इन दिनों विवाद का केंद्र बन गया है, जहां रानी अवंतीबाई की प्रतिमा स्थापना को लेकर गांव का माहौल गरमा गया है। आरोप है कि 22 मार्च की आधी रात करीब 2 बजे कुछ लोगों ने चोरी-छिपे, बिना किसी शासकीय अनुमति और ग्रामवासियों की सहमति के, जबरन कब्जा करते हुए प्रतिमा स्थापित कर दी। इस घटना के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है और मामला थमने का नाम नहीं ले रहा।

ग्रामीणों का कहना है कि जिस स्थान पर प्रतिमा स्थापित की गई है, वह जयस्तंभ चौक एक सार्वजनिक स्थल है, जहां वर्षों से राष्ट्रीय पर्व (26 जनवरी, 15 अगस्त), सांस्कृतिक कार्यक्रम, चौपाल और अन्य सामाजिक गतिविधियां आयोजित होती रही हैं। ऐसे महत्वपूर्ण स्थल पर बिना अनुमति प्रतिमा स्थापित करना न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि सार्वजनिक व्यवस्था के साथ खिलवाड़ भी है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि इस दौरान जयस्तंभ स्मारक को क्षति पहुंचाई गई, जो सीधे-सीधे शासन की संपत्ति से छेड़छाड़ का मामला बनता है।

विवाद ने उस समय और तूल पकड़ लिया जब शनिवार को गांव की महिलाएं भी खुलकर विरोध में सामने आ गईं। बड़ी संख्या में महिलाएं पंचायत कार्यालय पहुंचीं और इस अवैध स्थापना के खिलाफ आवाज बुलंद की। उनका कहना है कि बिना ग्रामसभा की अनुमति इस तरह का निर्णय थोपना सरासर गलत है। इतना ही नहीं, आरोप यह भी है कि प्रतिमा स्थापना के दौरान नल-जल योजना का पाइप प्रभावित हुआ, जिससे गांव में जल आपूर्ति तक बाधित हो गई। इससे ग्रामीणों की परेशानियां और बढ़ गईं।

जयस्तंभ चौक गांव का प्रमुख चौराहा है, जहां से दिनभर लोगों का आवागमन होता है। ऐसे में यहां प्रतिमा स्थापना से यातायात बाधित होने और दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस मामले का समाधान नहीं किया गया, तो बड़ा हादसा भी हो सकता है। ग्रामवासियों ने पूर्व में ग्राम पंचायत और अनुविभागीय अधिकारी को लिखित शिकायत भी दी थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी भी साफ झलक रही है।

फिलहाल गांव में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है और किसी भी समय स्थिति बिगडऩे की आशंका जताई जा रही है। वहीं इस मामले में ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव भी कुछ कहने से बचते नजर आ रहे है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर अवैध निर्माण को हटाया जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि गांव में शांति और व्यवस्था बनी रहे।

## खबर संक्षेप

### महावीर जयंती अवकाश में संशोधन, 30 मार्च को रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय भोपाल के पत्र क्रमांक एफ 3-1/2025/एफ-बार, दिनांक 29 मार्च 2026 के अनुपालन में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा जिला सिवनी में पूर्व घोषित सार्वजनिक अवकाश में संशोधन किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, कैलेंडर वर्ष 2026 में महावीर जयंती के उपलक्ष्य में 31 मार्च 2026 (मंगलवार) को घोषित अवकाश के स्थान पर अब 30 मार्च 2026 (सोमवार) को संपूर्ण जिले में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। 31 मार्च 2026 (मंगलवार) को जिले के सभी शासकीय कार्यालय एवं संस्थाएं पूर्ववत खुले रहेंगे।

### आपदा प्रबंधन को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले में आपदा प्रबंधन व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आपदा प्रबंधन एवं हानि न्यूनीकरण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण आपदा प्रबंधन संस्थान भोपाल के मार्गदर्शन में आयोजित होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम 30 मार्च 2026 को दोपहर 12 बजे से शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में आयोजित किया जाएगा। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल होंगे।कार्यक्रम के दौरान आपदा की स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया, जोखिम को कम करने के उपाय, संसाधनों का समुचित उपयोग तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी।कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे प्रशिक्षण में समय पर उपस्थित होकर सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें, ताकि आपदा की स्थिति में प्रभावी कार्यवाही की जा सके।

### श्री सत्य साई प्रेम प्रवाहिनी रथ का कान्हीवाडा में भ्रमण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुटपर्ती आन्ध्रप्रदेश से पूरे भारत देश के जन जन तक प्रेम का संदेश लेकर निकले इस दिव्य रथ में भगवान की चरण पादुका विराजित हैं श्री सत्य साई सेवा संगठन के द्वारा संचालित रथ को समिति के सदस्यों के सहयोग से मण्डला जिले से प्राप्त जिला कान्हीवाडा के अन्तर्गत भटेखारी पखारा केवलारी उगली, सकरी बेलगाँव और पाण्डियाछपारा होते हुए साई जिला लालबर्रा की ओर प्रस्थान करेगा पूरे मध्यप्रदेश की यात्रा करते हुए उत्तर प्रदेश के बाद नेपाल के भक्तों को कृतार्थ कर स्वामी के जन्म दिन 23 नवम्बर को पुटपर्ती में समापन किया जाएगा। इस रथ को श्री प्रदीप तिवारी लखनऊ के द्वारा ड्राइव किया जा रहा है।

### शिव महापुराण पर निकली कलश शोभायात्रा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** धर्म की नगरी धारनाकला मे आज से मातृशक्ति के द्वारा आयोजित शिव महापुराण के शुभारंभ दिवस पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई अभी चैत्र नवरात्र की पावन बेला मे राधा कृष्ण मन्दिर प्रांगण मे स्थापित मा भगवती के पर्व को ग्राम के भक्तो ने हर्ष उल्लास से मनाया और प्रति वर्ष की भाति मातृशक्ति के द्वारा इस वर्ष भी शिव महापुराण का आयोजन रखा गया है।

# वन विभाग ने अवैध सागौन की लकड़ियों से भरी स्विफ्ट डिजायर कार जब्त की



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के धूमा वन परिक्षेत्र में वन विभाग ने अवैध सागौन की लकड़ियों से भरी स्विफ्ट डिजायर जब्त की है। कार में 10 नग सागौन सिल्लियां भरी थीं। वन विभाग के रेंजर आकाश परोहा ने शनिवार सुबह बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि एक कार के माध्यम से इमारती लकड़ियों की तस्करी की जा रही है। इस सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम ने तत्काल बिछुआ बीट के आसपास घेराबंदी की। घेराबंदी के दौरान, संदिग्ध स्विफ्ट डिजायर कार कार क्रमांक एमपी 04 सीबी 7291 को रोकने का प्रयास किया गया। हालांकि, वन अमले को देखते ही कार में सवार तस्कर वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। वन कर्मचारियों ने वाहन की तलाशी ली, तो उसमें 10 नग सागौन सिल्लियां भरी हुई मिलीं।

वन विभाग ने लकड़ियों और वाहन दोनों को जब्त कर लिया है। जब्त सिल्लियों की अनुमानित कीमत लगभग 20 हजार रुपये बताई जा रही है।प्राथमिक जांच से यह मामला संगठित तस्करी से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। हालांकि, इसकी पूरी पुष्टि विस्तृत जांच के बाद ही हो पाएगी। फरार आरोपियों की तलाश जारी है और उनके खिलाफ वन अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया जाएगा। विभाग यह भी जांच कर रहा है कि ये लकड़ियां कहां से काटी गई थीं और इन्हें किस स्थान पर ले जाया जा रहा था। वन विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र में लकड़ी तस्करों में भय का माहौल है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध कटाई और तस्करी के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# दहेज के लिए हत्या करने वाले,पति सास और देवर को आजीवन कारावास

थाना बंडोल का यह मामला संछिप्त में इस प्रकार है । दिनांक 17 /04/2014 को जिला अस्पताल सिवनी के डॉक्टर द्वारा थाना कोतवाली को इस आशय की सूचना दी गई की , आहत मधु बेन पति संतोष बेन उम्र 24 वर्ष, निवासी बंडोल, जिला सिवनी को 50 प्रतिशत जली हालत में अस्पताल में भर्ती किया है।

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

उसे अग्रिम उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया है इलाज के दौरान मधु की मृत्यु हो जाने पर पुलिस द्वारा द्वारा मामला कायम कर अन्वेषण पर पाया की दिनांक 16/04/2014 को रात्रि में मधु का पति संतोष बेन ,सास राजकुमारी बेन , और देवर संतकुमार बेन दहेज की मांग पूरी न होने के कारण मधु के साथ मारपीट किए और देवर ने हाथ पकड़े और सास ने मिट्टी तेल डाला और पति संतोष ने माचिस से आग लगा दी । आभियक्तगण दहेज में नकद 10 हजार रुपए और एवम मोटरसाइकल के लिए शादी के कुछ समय बाद ही प्रताड़ित कर रहे थे। मामले की सुनवाई माननीय तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश ,सिवनी के द्वारा की है जिसमे शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक नेतराम चौरसिया एवम वरिष्ठ एडीपीओ मनोज कुमार सैयाम के द्वारा पैरवी और तर्क प्रस्तुत किए गए। माननीय विद्वान न्यायाधीश ने , मृतिका मधु के द्वारा डॉक्टर को मृत्यु पूर्व दिए कथन में पति ,सास और देवर के द्वारा जलाया गया बताया था , उक्त कथन को प्रमाणित कराने एवं अन्य साक्ष्य को साबित होने के आधार पर मधु के पति , सास और देवर को धारा = 498(a) में तीनों को 02 वर्ष का कारावास तथा धारा =302 भा0द0वि0 में तीनों अभियुक्तगण को आजीवन कारावास एवम 10500 रूपये के जुर्माने से दंडित करने का निर्णय पारित किया है ।

# संकल्प से समाधान अंतर्गत जिला स्तरीय शिविर का आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत जिले में 30 मार्च 2026 को जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह अभियान 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य आमजन को शासकीय योजनाओं का त्वरित लाभ उपलब्ध कराना है।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने सभी विभागों को निर्देशित किया है कि वे शिविर के सफल आयोजन हेतु आवश्यक तैयारियां समय-सीमा में पूर्ण करें तथा अपने विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि प्राप्त आवेदनों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए, ताकि आमजन को शीघ्र लाभ मिल सके।

जिला स्तरीय शिविर का आयोजन 30 मार्च को प्रातः 11बजे किया जाएगा, जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी दी जाएगी एवं प्राप्त आवेदनों का मौके पर निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती पटले ने निर्देश दिए हैं कि सभी विभाग प्रथम एवं द्वितीय चरण में प्राप्त आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करें। साथ ही प्रत्येक विभाग 50 हितग्राहियों/लाभार्थियों का चयन कर जिला स्तरीय कार्यक्रम में लाभ वितरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्रीमती पटले ने सभी संबंधित विभागों, नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायतों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश जारी किए गए हैं।

# आग का ताड़वः लखनादौन में धू-धू जला पेट्रोल पंप

**सिवनी जिले के लखनादौन क्षेत्र में शनिवार देर रात एक पेट्रोल पंप पर अचानक आग लग गई।**





**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

कर्मचारियों की सूझबूझ और त्वरित कार्रवाई से आग पर समय रहते काबू पा लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। आग लगने का कारण फिलहाल अज्ञात है।

घटना देर रात उस समय हुई जब पेट्रोल पंप पर सामान्य कार्य चल रहा था। अचानक एक हिस्से से आग की लपटें उठती दिखाई दीं, जिससे वहां मौजूद कर्मचारियों और आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया।कर्मचारियों ने फायर सेफ्टी उपकरणों से बुझाई आग देखते ही कर्मचारियों ने बिना देरी किए फायर सेफ्टी उपकरणों का उपयोग करना शुरू कर दिया। उनकी सतर्कता और त्वरित प्रतिक्रिया के कारण आग को फैलने से पहले ही नियंत्रित कर लिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यदि आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जाता, तो यह एक गंभीर दुर्घटना में बदल सकती थी, क्योंकि पेट्रोल पंप पर बड़ी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ मौजूद रहता है।

**आग में जनहानि नहीं, कारणों की जांच जारी**

इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि या गंभीर नुकसान की सूचना नहीं है, जो एक राहत की बात है। आग लगने की सूचना संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है। प्रारंभिक जांच में तकनीकी खराबी या ईंधन निकालते समय हुई गलती को आग का संभावित कारण माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों का पता विस्तृत जांच के बाद ही चलेगा।

स्थानीय प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और पेट्रोल पंप संचालकों को सुरक्षा मानकों कासख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं। इस घटना ने क्षेत्र में पेट्रोल पंपों की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

# पुलिस ने कांबिंग गश्त में 67 वारंटी को गिरफ्तार कर 82 निगरानी, गुंडा बदमाश चेक किया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**



पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहताके द्वारा दिनांक 28-29 मार्च 2026 की मध्य रात्रि में जिले के समस्त थाना /चौकी में वारंटियों तथा फरार अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु नाईट काम्बिंग ऑपरेशन आदेशित किये जाने पर आदेश के परिपालन में दिनॉक 29-03-26 की रात्रि 12 बजे से प्रातः 5 बजे तक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी दीपक मिश्रा के नेतृत्व में समस्त थाना/चौकी प्रभारी शहर एवं देहात द्वारा हमराह स्टाफ के कॉम्बिंग गस्त की गयी,जिसके सार्थक परिणाम निकले।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में प्रभावी नाइट कांबिंग गश्त हेतु पुलिस बल को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। रात्रि कांबिंग गश्त में 04 राजपत्रित पुलिस अधिकारी, सभी थाना प्रभारी/चौकी प्रभारी सहित 136 का पुलिस बल कांबिंग गश्त में शामिल रहा। रात्रि कांबिंग गश्त के दौरान जिले में 17 स्थाई वारंट, 50 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए, इसके साथ ही 82 निगरानी बदमाश/गुंडा बदमाश/सस्पेक्ट को चेक किया गया एवं 08 फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही होटल, ढाबा, लाज,धार्मिक स्थलों एवं 225 से अधिक संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गई।

### अवैध बोरवेल पर खबर लिखने वाले पत्रकार को मिली जान से मारने की धमकी, उगली थाना में शिकायत

उगली। अवैध बोरवेल संचालन के खिलाफ खबर प्रकाशित करना एक पत्रकार को भारी पड़ गया। दैनिक गोंडवाना समय के विशेष संवाददाता अजय नागेश्वर को खबर प्रकाशित करने के बाद बोरवेल मालिक और एजेंट द्वारा खुलेआम जान से मारने की धमकी दी गई। मामले में पत्रकार ने उगली थाना में शिकायत दर्ज करवाकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है। जिला कलेक्टर द्वारा सिवनी को जल अभावग्रस्त घोषित करते हुए बोरवेल खनन पर सख्त नियम लागू किए गए हैं। इसके बावजूद उगली क्षेत्र में अवैध रूप से बोरवेल मशीनों के संचालन की खबर 28 मार्च 2026 को गोंडवाना समय में प्रकाशित की गई थी। खबर के प्रकाशन के बाद उसी दिन सुबह 7:39 बजे और 10:45 बजे आवेदक अजय नागेश्वर को बोरवेल एजेंट राकेश पटले द्वारा फोन कर मधुबन होटल बुलाया गया।

# राजकुमार खुराना के प्रयासों से प्राण दायिनी मां बेनगंगा के लखनवाड़ा में घाट निर्माण के लिए 15 लख रुपए की राशि

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** राजकुमार खुराना के प्रयासों से सिवनी की प्राण दायिनी मां बेनगंगा के लखनवाड़ा में घाट निर्माण के लिए 15 लख रुपए की राशि सिवनी, लखनादौन और घंसौर अधिवक्ता संघ के निर्माण एवं लाइब्रेरी के लिए 10-10 लाख रुपए की राशि राज्यसभा सांसद पूर्व महाधिवक्ता विवेक तन्खा ने सांसद निधि से उपलब्ध कराई इसके लिए क्षेत्र के जनप्रतिनिधि घनश्याम सनोडिया, ब्रजेश सिंह बघेल, विपिन बघेल, राजेश माना ठाकुर, ब्रजभूषण बघेल सहित समस्त जागरूक नागरिकों ने और बार काउंसिल के सिवनी के अध्यक्ष पंकज जैन सचिव और एड पंकज शर्मा सहित अधिवक्ताओं ने विवेक तन्खा जी एवं राजकुमार खुराना का हृदय से आभार व्यक्त किया प्रेस को जारी विज्ञप्ति में जिला पंचयात सदस्य घनश्याम सनोड़िया ने कहा की राजकुमार खुराना को जब-जब



मौका मिला सिवनी के लिए अच्छा काम करने का प्रयास किया है 15 महीने की कमलनाथ जी की सरकार में राजकुमार खुराना ने तत्कालीन प्रभारी मंत्री सुखदेव पांसे जी के सहयोग से सिवनी के छिंदवाड़ा चौक का चौड़ीकरण एवं आदि शंकराचार्य जी का नामकरण जिला चिकित्सालय में कायाकल्प कर प्रदेश में प्रथम स्थान पाया,थोक सब्जी मंडी जिसमें बहुत ज्यादा यातायात का दबाव था नगर पालिका के पीछे उसे नागपुर रोड स्थानांतरित करवाया नगर के मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण किया गया, कारीरात में गौशाला निर्माण, सिवनी विधानसभा अंतर्गत चमारी में उप तहसील का निर्माण सिवनी को ऐसे हो जन प्रतिनिधि की अबश्यकता जो सिवनी के समुचित विकास के बारे में बेहतर सोच रखता हो।


# श्री हनुमत चरित्र कथा संगीतमय सप्त दिवसीय आयोजन का श्रीगणेश

गत दिवस नवरात्र पर्व के समापन के पश्चात श्री सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर परिसर बाजार चौक उगली के दिव्य परिसर में संगीतमय श्री हनुमत चरित्र कथा,राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता आचार्य श्री दिवाकर चौबे जी महाराज वृंदावन आपके मुखाग्र बिंद से किया जा रहा है,इस धार्मिक अनुष्ठान के प्रथम दिवस पर उगली नगर स्थित मां खेड़ापति सिद्ध पीठ खैरमाईं मंदिर परिसर से दिव्य शोभा कलश यात्रा बाजे गाजे, और आतीशबाजी के साथ आयोजक समिति और ग्राम वासियों की सौजन्य से समस्त मातायें-बहनों की उपस्थिति में पूरे उगली नगर भ्रमण देवताओं का आह्वाहन किया गया,नगर भ्रमण उपरांत शोभायात्रा का समापन कथा स्थल हनुमान मंदिर परिसर में किया गया,, गत दिवस प्रथम दिवस की कथा सायं 7 बजे से देर रात्रि तक श्रोता गणों ने रसोस्वादन किया।



प्रतिदिन इस दिव्य हनुमत कथा का श्रवण पान भक्त गण सायं 6 बजे से देर रात 11 बजे तक करेंगे, ग्रीष्मकालीन समय और हनुमत चरित्र कथा सुनने के लिए आयोजन समिति ने उगली समेत आसपास के क्षेत्रवासियों से विनम्र अपील किया है, आयोजक समिति श्री हनुमान मंदिर बाजार उगली से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिदिन कथा श्रवण कर प्रसाद किया जायेगा एवं श्री राम चरित्र मानस और श्री राम जी के अनन्य भक्त हनुमान जी महाराज के दिव्य चरित्र का बखान , महाराज श्री के आशीर्वचन को सुनने के लिए अधिक से अधिक संख्या में बाजार चौक उगली में उपस्थित होने के लिए निवेदन किया है. गत दिवस शोभा कलश यात्रा में मंदिर समिति के समस्त पदाधिकारी ग्राम के नागरिक प्रबुद्ध जन माताएं बहनें,बुजुर्ग और पुलिस थाना उगली से थाना प्रभारी एवं इनका सुरक्षा बल पूरे भ्रमण उपरांत बड़ी संख्या में नजर आए, दिन शनिवार साप्ताहिक बैठकी का होने के साथ इस कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्ण भक्ति भाव के साथ में किया गया.

### हनुमान मंदिर में श्रीराम कथा एवं पांच कुंडीय महायज्ञ का आयोजन



**बहरई।** बरघाट मुख्यालय से 18 किमी दूर सिवनी बालाघाट मार्ग पर बहरई स्थित हनुमान मंदिर में 28 मार्च 2026 से श्रीराम कथा एवं पांच कुंडीय महायज्ञ का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम के संबंध में बताया गया कि रामनवमीं एवं हनुमान जयंती के उपलक्ष्य पर चमत्कारिक श्री संकट मोचन मंदिर बहरई में श्रीराम कथा एवं पांच कुंडीय महायज्ञ का आयोजन की तैयारी भव्य रूप से की गई है। कार्यक्रम को लेकर भक्तों में खासा उत्साह है। मंदिर में 28 मार्च से 2 अप्रैल 2026 तक सुबह 8 बजे से 11 दोपहर बजे तक पांच कुंडीय हनुमान यज्ञ होगा उसके पश्चात दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक श्री राम कथा होगी। श्री संत जयशंकर पांडे के सानिध्य में कथावाचक ब्रजरसीकाचार्य श्री मुकेश महाराज के द्वारा श्रीराम कथा सुनाई जाएगी। हनुमान जयंती 2 अप्रैल को महायज्ञ पूणार्हुति के साथ, कथा का समापन होगा हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी, विशाल भंडारा प्रसादी वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के अनेकों जिलों से बड़ी संख्या पर भक्त पहुंचेंगे।

# पुलिस लाइन सिवनी से कराया गया साइक्लोथॉन कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश अनुसार सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वी जयंती के 2 वर्ष समारोह अभियान अंतर्गत साइक्लोथॉन कार्यक्रम का प्रारंभ जिला सिवनी में पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के मार्गदर्शन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा की उपस्थिति में दिनांक 28 3.2026 को प्रातः 8 बजे से पुलिस लाइन सिवनी से किया गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा हरी झंडी दिखाकर साइक्लोथॉन दौड़ की शुरुआत की गई जो शहर के विभिन्न मार्गो /क्षेत्रो से गुजरते हुए पुलिस लाइन में समापन हुआ कार्यक्रम में सम्मिलित समस्त प्रतिभागी सदस्यों द्वारा साइकिल के साथ भाग लेकर जोश ,उत्साह और ऊर्जा के साथ स्वच्छ पर्यावरण बनाने का संदेश दिया ।

इस कार्यक्रम में युवा खिलाड़ी, नगर और ग्राम रक्षा समिति के सदस्य, स्कूल कॉलेज के बच्चे, एनसीसी, एनएसएस कैडेट्स, पुलिसकर्मी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सदस्य ,एवं वीसाबल के पुलिस कर्मी , सम्मिलित हुए। उपरोक्त कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक प्रवीण नायडू थाना प्रभारी डूंडासिवनी चैन सिंह उइके उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत बकौड़ी में रासेयो के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन, ग्राम सेवा में जुटे युवा छात्र-छात्राएं

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई का सात दिवसीय विशेष आवासीय सेवा शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत बकौड़ी में किया जा रहा है. 24 मार्च से 30 मार्च तक आयोजित इस शिविर में कॉलेज के युवा छात्र-छात्राएं शासन की जन-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी गांव के हर घर तक पहुंचाने के साथ ही स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता और बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ अभियान का संदेश भी दे रहे हैं. एनएसएस के स्वयंसेवी विद्यार्थियों के एकजुट सेवा-भाव से ग्रामवासी भी खासे प्रभावित हैं.

प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग के संरक्षण-मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम अधिकारी प्रो. गनेश मंतारे एवं प्रो. रंजीता कमलेश के नेतृत्व में एनएसएस की पुरुष एवं महिला इकाई के युवा छात्र छात्राएँ ग्राम पंचायत बकौड़ी के बटामा, टिकारी एवं अन्य गांवों में जन-जागरूकता का संदेश घर-घर पहुँचा रहें हैं. गांव के प्रमुख स्थानों, मंदिर सहित पंचायत भवन तथा विद्यालय परिसर की साफ सफाई शिविरार्थियों ने की. प्रतिदिन सुबह पांच बजे प्रभात-फेरी निकालकर नारों के माध्यम से शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी युवा ग्रामीणों को दी. मतदाता जागरूकता के माध्यम से युवा विद्यार्थियों ने लोगों को मतदान का महत्व समझाया. किसानों को खेती-किसानी की वैज्ञानिक जानकारी देते हुए कल्याणकारी योजनाओं से भी अवगत कराया. गांव की नालियों और गढ्ढों की सफाई के साथ ही दीवारों पर नारा लेखन भी छात्र-छात्राओं ने किया।

# ग्राम पंचायत खूट में सीएससी अटल ई-सेवा केंद्र का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

जिले के बरघाट जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खूंट में सीएससी अटल ई-सेवा केंद्र का उद्धघाटन सीएससी जिला प्रबंधक शिवांशु जंघेला के द्वारा किया गया ' अटल ई-सेवा केंद्र कॉमन सर्विस सेंटर पर ग्राम वासियों को शासन द्वारा निर्धारित दरों पर शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी तथा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी। इन केंद्रों के द्वारा कई योजनाओं का लाभ सीधा ग्रामीणों तक पहुंचाया जाएगा। टेली-लॉ जागरूकता शिविर के माध्यम से नागरिकों को किया गया जागरूक ' सीएससी द्वारा संचालित टेली-लॉ सेवा के अंतर्गत टेली-लॉ जागरूकता शिविर का सफल आयोजन सिवनी जिले के बरघाट ब्लॉक अंतर्गत खूंट पंचायत में किया गया। इस शिविर में उपस्थित सीएससी संचालकों और हितग्राहियों को टेली-लॉ सेवा के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से सीएससी जिला प्रबंधक शिवांशु जंघेला द्वारा टेली-लॉ के माध्यम से मिलने वाली निःशुल्क कानूनी सलाह, ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया तथा इसके लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) के माध्यम से उपलब्ध विभिन्न सेवाओं जैसे सरकारी योजनाएं, डिजिटल सेवाएं, वित्तीय सेवाएं एवं अन्य नागरिक सुविधाओं की जानकारी भी उपस्थित लोगों को दी गई। उपस्थित लोगों को अधिक से अधिक टेली-लॉ सेवा का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में अटल ई सेवा संचालक निखिल धुर्वे , केशव ठाकरे,राकेश कुमार शुक्ला , वीएलईयों सहित नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं कई हितग्राहियों के प्रकरण पंजीकृत भी किए गए।



